तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 30 दिसंबर 2023


9 कौंदकेरा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा ...


10 तेंदूकोना क्रिकेट प्रतियोगिता में ....






## खबर संक्षेप

### इमलीभाठा में घर के सामने मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ईमलीभाठा में घर के सामने मारपीट करने वाले एक के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। प्रार्थी चंदन साहू पिता रामूलाल 45 वर्ष निवासी महामाया पारा निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि भूपेन्द्र शर्मा वार्ड नंबर 3 ईमलीभाठा निवासी द्वारा अपने घर के सामने अश्लील गाली गलौज करते हुए हॉकी स्टिक से मारपीट किया, जिससे उसे चोंट पहुंची है। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सायकल सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर

**महासमुंद।** बसना थाना के बानीपाली गांव के निवासी कलीराम जगत को बजाज बाइक क्रमांक सीजी 06 जीडब्लु 9163 के चालक ने एनएच53 रोड़ बस स्टैंण्ड ग्राम बरबसपुर के पास अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसके सायकल को ठोंकर मार दिया, जिससे उनके सीने पर गंभीर चोंटे आई है। कमलेश जगत की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279, 337 भादवि अपराध कायम किया है।

### बाइक से गिरने से मौत

**महासमुंद।** भंवरपुर रोड में बाइक के अनियंत्रित होकर गिर जाने से एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 25 दिसंबर की है। रामप्रसाद बाघ पिता दुकालु 34 वर्ष पुरानी मंडी वार्ड निवासी अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 06 सीपी 8341 से जा रहे थे कि पुष्प वाटिका के पास अनियंत्रित होकर गिर गए, जिससे गंभीर चोंट आने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### महिला ने किया विषपान, इलाज के दौरान मौत

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम भंवरचुआ के रहने वाली हेमकुंवर पटेल पति स्व. शंकर पटेल 60 साल ने मंगलवार के दिन जहर का सेवन कर लिया, जिसे शासकीय अस्पताल सरायपाली मे भर्ती किया गया। वहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बिजली खंभे को किया क्षतिग्रस्त, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बिजली खंभे को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त करने वाले ट्रैक्टर चालक के खिलाफ विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर ने सांकरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को रिपोर्ट लिखाते हुए कनिष्ठ यंत्री ने बताया कि ट्रैक्टर क्रमांक सीजी-06 जीएन 6737 क क का चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर बिजली खंभे को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 279, 427 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### पटाखा फोड़ने से मना करने पर चाकू से हमला

**महासमुंद।** पटाखा फोड़ने से मना करना पर दो लोगों ने एक अन्य पर चाकू से हमला कर दिया। प्रार्थी जागेश्वर प्रसाद पिता स्व. बृजलाल बाघ (45 साल) नयापारा महासमुंद ने साहिल कुरैशी और सोहेल कुरैशी को पटाखा फोड़ने से मना किया, जिस पर दोनों ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्कों से मारपीट करते हुए धारदार चाकू से हमला कर दिया। धारा 294, 324, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# छह लाख पुराने बारदानें उपयोग के लायक नहीं, वापस लेने में कोताही

## फटे बारदानों से नुकसान, समितियों ने छांटकर किया अलग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राईस मिलर्स द्वारा जो पुराने बारदाने खरीदी केंद्रों में दिए गए हैं, उनमें करीब 25 फीसदी बारदाने फटे हुए निकल रहे हैं। जानकारी के मुताबिक मिलर्स द्वारा अब तक करीब 25 लाख पुराने बारदाने भेजे गए हैं, उनमें छह लाख बारदाने फटे हुए मिलें हैं, जिसे खरीदी केंद्रों में छांट कर अलग रख दिया गया है, जिससे उपार्जन केंद्रों में पुराने बारदानों की कमी पड़ सकती है। इधर, मिलर्स इन फटे हुए बारदानों को वापस नहीं ले जा रहें।

एक नवंबर से शुरू हुई सरकारी दर पर अब तक 52 लाख क्विंटल से अधिक धान खरीदा जा चुका है। धान खरीदी करने के लिए एक करोड़ 30 लाख बारदाना इस्तेमाल हो चुका है। जिसमें 52 लाख 39 हजार बारदाने पुराने और 78 लाख बारदाने नए हैं। इस्तेमाल किए गए पुराने बारदानों में मिलर्स द्वारा करीब 25 लाख बारदाने दिए गए हैं, जिसमें करीब 25 फीसदी बारदाने फटे और बहुत पुराने हो चुके हैं, जिसमें तौल के लिए धान की भराई करते ही भरभराकर गिर जा रही है। इससे समिति और किसान दोनों को नुकसान पहुंच रहा है।

फटे बारदानों को मजदूर लगाकर सिलवा रहे हैं। जो ज्यादा फटे हैं उनका उपयोग नहीं हो पाएगा। ऐसे फटे और बहुत पुराने हो चुके बारदानों की छंटनी कर अलग रख दिया गया है। खरीदी केंद्र प्रभारियों द्वारा फटे बारदानों को अलग कर मिलर्स को वापस ले जाने कहा है, लेकिन मिलर्स वापस भी नहीं ले जा रहे हैं। जिससे खरीदी केंद्र प्रभारियों और मिलर्स के बीच आए दिन विवाद हो रहा है।

### पुराने बारदानों का 18 रूपए होगा भुगतान

मिलर्स और पीडीएस से प्राप्त पुराने बारदानों के लिए शासन द्वारा भुगतान किए जाने का प्रावधान है। पुराने बारदाने के लिए मिलर्स को जहां प्रति नग 18 रूपए भुगतान किया जाता है, तो पीडीएस के तहत प्राप्त बारदानों के लिए प्रति नग 25 रूपए दिया जाता है। लेकिन, जहां पीडीएस के बारदाने तकरीबन ठीक हालत में होते हैं। वहीं, मिलर्स के एक चौथाई बारदाने उपयोग के लायक नहीं रहता।



### वापस लौटा दिया जाता है

जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि फटे और बहुत पुराने बारदानों से समितियों को नुकसान पहुंचता है। इसलिए मिलर्स द्वारा पुराने बारदाने यदि फटे और उपयोग के लायक नहीं है, उसे समितियों में छंटनी कर अलग कर दिया जाता है, जिसे मिलर्स को वापस लौटा दिया जाता है। साथ ही इसका भुगतान भी नहीं किया जाता।

## मनमानी : चेतावनी के बाद भी अफसर रेत माफियाओं को दे रहे संरक्षण

# जिले के रेत घाट बंद, फिर भी भारी मात्रा में सप्लाई पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले के रेत घाट बंद होने के बावजूद लगातार भारी वाहनों में रेत निकासी और सप्लाई बदस्तूर जारी है। अफसरों की मानें तो केवल भंडारण की अनुमति जहां ली गई थी वहीं से सप्लाई हो रही है। लेकिन, यहां प्रश्न यह है कि बारिश के बाद से रेत घाट बंद रहे तो इन अनुमति प्राप्त भंडारण केंद्रों में रेत कब लाई गई। इधर, भंडारित रेत के दाम आसमान छू रहे हैं। अफसरों का कहना है कि जिन लोगों ने भंडारण की अनुमति प्राप्त है, उनके जरिए रेत की आपूर्ति की जा रही है। छह माह से शासन ने जब रॉयल्टी बंद कर दी है, तो फिर जिले में रेत किस स्थान से आ रहा है? और यदि डंप है तो वह किसका है? सूत्रों की मानें तो जिले में सिर्फ कागजों में रेत का डंप दर्शाया गया है। जबकि रेत सीधे नदियों से निकालकर सप्लाई की जा रही है, जिसकी तिगुनी कीमत रेत माफियाओं द्वारा वसूल की जा रही है।

बता दें कि जिले की महानदी की रेत की क्वालिटी अच्छी होने के कारण यहां की रेत की डिमांड राजधानी रायपुर तक रहती है। इसके कारण रेत के दाम भी आसमान छू रहे हैं। जिला मुख्यालय में पहले रेत 1200 से 1500 रुपए तक मिल जाती थी, वह रेत अब 2,000 रुपए प्रति ट्रैक्टर मिल रही है, वहीं एक हाइवा की रेत पहले चार हजार रुपए तक होती थी, वह बढ़कर 12 हजार रुपए प्रति ट्रिप तक पहुंच गई है।

खनिज विभाग के अधिकारियों का नियंत्रण नहीं होने के कारण नियम कानूनों को ताक पर रखकर रेत माफिया नदियों का सीना छलनी कर रहे हैं। बारिश के दौरान उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद सीधे नदियों से रेत की सप्लाई की जाती रहीं और अब भी लगातार जारी है। जबकि, जिले के किसी भी नदी घाटों से रेत उत्खनन की अनुमति पर्यावरण विभाग से नहीं मिल पाई है।

### 21 को भंडारण की अनुमति

बीते कुछ वर्षो से बिना अनुमति रेत माफिया जिले की सीमा में बहने वाली महानदी के सीना को बेखौफ छलनी करते रहें। वहीं, फिलहाल 21 लोगो को रेत भंडारण की अनुमति प्राप्त है। लेकिन, बीते छह माह से रेत घाट बंद है। इसके बावजूद इतनी बड़ी तदाद में रेत कहां से आपूर्ति की जा रही है। दरअसल, यहां तक कि बारिश में भी नदियों से रेत का उत्खनन जारी रहा। रेत माफियाओं को खनिज विभाग को बिलकुल भी डर नहीं रहा। क्योंकि, पकड़े जाने पर कुछ दिन वाहन खड़ी रहती है और पेनल्टी देकर छुड़ा लेते हैं।

### 8 घाटों को पर्यावरण विभाग की मंजूरी का इंतजार

खनिज विभाग ने महानदी में तीन नए रेत घाट के पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा है, लेकिन अभी तक उस प्रस्ताव को पर्यावरण विभाग की मंजूरी नहीं मिल पाई है। इन घाटों में बरबसपुर, गढ़सिवनी, बड़गांव, चिंगरौद, बम्हनी, मुड़ियाडीह, सांकरा रेत घाट शामिल हैं।

### भंडारण से रेत की आपूर्ति

जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि जिले के 8 नदी घाटों में रेत उत्खनन के लिए पर्यावरण विभाग की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, जो प्रक्रियाधीन है। फिलहाल जिले के 21 लोग, जिन्हें भंडारण की अनुमति प्राप्त हैं, उनके द्वारा रेत की आपूर्ति की जा रही है। समय-समय पर अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।




**महासमुंद।** लोहिया चौक स्थित सिटी स्पोर्टस सेंटर में सात दिवसीय भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन गंजपारा निवासी बालकिशन शकुलंता साहू द्वारा आयोजित किया जा रहा है। 24 दिसंबर से शुरू हुए भागवत कथा की प्रवचनकर्ता अयोध्या से आई बाल विदुषी देवी चंद्रकला को सुनने भारी भीड़ जुट रही है।

# सीजन में भी दाम में बढ़ोतरी, फूलगोभी सेमी व पालक भाजी 80 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- दो माह तक इसी कीमत में बिकने का अनुमान, बदली-बारिश से सब्जियों का उत्पादन घटा

जिले में स्थानीय आवक होने के बावजूद इन दिनों सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। जबकि, आमतौर पर ठंड के सीजन में सर्वाधिक उत्पादन वाले भाजी, फूल गोभी, सेम, बैंगन 20-25 रूपए तक गिर जाता था। लेकिन, इस बार बदली बारिश के चलते सब्जियों के उत्पादन पर असर पड़ा है, जिसके चलते कई सब्जियों के दाम अभी भी 60 से 80 रूपए किलो तक चल रहा है। स्थानीय आवक का सीजन होने के बावजूद टमाटर को छोड़कर बाकी सभी सब्जी के दाम में वृद्धि हुई है। आमतौर पर ठंड के सीजन में सर्वाधिक उत्पादन के चलते भाजी, फूल गोभी और नवल गोल 20 से 25 रुपए प्रति किलो की दर से बेचा जाता था। लेकिन, इस समय बीते महीने भर बदली बारिश के चलते उत्पादन घट जाने से सब्जी के दाम दोगुने हो गए हैं। स्थानीय बाजार में थोक के भाव में लौकी, करेला, प्याज भाजी, पालक भाजी, मेथी भाजी, नवल गोल, भाटा, बरबटी, ग्वारफली, पत्ता गोभी तथा अन्य सब्जी के दाम में वृद्धि हो गई है। फूल गोभी, सेमी और पालक भाजी 60 से 70 रुपए प्रति किलो में बेचा जा रहा है। टमाटर 15 रुपए से लेकर 20 रुपए प्रति किलो की दर से बिक रहा है। लगातार सब्जियों के दाम बढ़ने के कारण घरेलू बजट बिगड़ रहा है। ठंड सीजन में सभी तरह के सब्जी का भरपूर उत्पादन होने लगता है व खपत भी बढ़ जाती है। इसी तरह हरा मटर शुरुआती दौर में 60 और 70 रुपए प्रति किलो की दर से बिक रहा था। स्थानीय मार्केट में किसानों के उत्पादन के बाद से हरा मटर 25 से 30 रुपए प्रति किलो के दर से बिकने है।

### ठंड में बढ़ोतरी के आसार

इधर, पूर्व से आने वाली गर्म हवा के प्रभाव से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो गई है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दो दिन न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। लेकिन आज शुक्रवार से ठंड में बढ़ोतरी शुरू होगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि आने वाले दिनों में मौसम रुख ऐसा ही रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा।

### मार्केट में सब्जी का चिल्लर भाव

| सब्जी | कीमत |
|---|---|
| गोभी | 50-60 |
| सेम | 70-80 |
| मटर | 25-30 |
| मुनगा | 120-130 |
| करेला | 70-80 |
| पत्तागोभी | 25-30 |
| बैंगन | 50-60 |
| लौकी | 25-30 |
| भिन्डी | 70-80 |
| गंवारफल्ली | 70-80 |
| बरबट्टी | 50-60 |

## बैंक में सुरक्षा के लिए एक भी जवान तैनात नहीं

# भुगतान के लिए दिन फिक्स, फिर भी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला सहकारी बैंकों में किसानों की सुविधा के लिए धान के भुगतान के लिए समितिवार दिन फिक्स किया गया है। बावजूद, बकाया बोनस की राशि निकलवाने सहकारी बैंको में रोजाना किसानों की भीड़ लग रही है। जिसके चलते बैंकों में अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। इससे भुगतान करने में देर रात हो जा रही है और किसान रात को अपने घर पहुंच रहे हैं। फिर भी बैंकों में एक भी पुलिस की तैनाती नहीं की गई है। जबकि, हर साल किसानों से लूट की घटना सामने आती रही है। बता दें कि अब तक जिले के 95 हजार 860 किसानों द्वारा 52 लाख 39 हजार क्विंटल धान सरकारी दर पर बेचा गया है। जिससे, किसानों से 262 करोड़ की ऋण वसूली के बाद 883 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। लेकिन, अभी भी जिले के 62 हजार किसान एक बार भी अपनी उपज बेच नहीं पाएं हैं। ऐसे में दो साल का बकाया बोनस खातों में जमा करने के बाद किसानों का हुजुम बैंकों में उमड़ रहा है। अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए बोनस की राशि निकालने किसानों में आपाधापी मची हुई है। बैंक पहुंचे किसानों का कहना रहा कि उनको भुगतान में देर होता है, जिससे उन्हें सुरक्षित घर तक पहुंचने की चिंता रहती है। किसानों ने बताया कि सुबह बैंक खुलने के बाद किसानों से फार्म लेने के बाद बैंककर्मी भुगतान करने में देर कर दे रहे हैं। बैंककर्मियों का कहना रहता है कि उन्हें भी नगद रकम देर से मिलती है, जिससे वे भी देर से भुगतान करते हैं और यही देरी किसानों को भारी पड़ती है। देर रात तक किसान बड़ी रकम लेकर अपने घर पहुंचते हैं, जिससे उन्हें अनहोनी का डर लगा रहता है।

### हर साल होती है उठाईगिरी की घटनाएं

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के बाद किसान बैंक से रकम निकलवाने दिसंबर से फरवरी माह तक पहुंचते हैं और इस दरमियान लूटपाट के साथ उठाईगिरी की घटनाएं सबसे ज्यादा होती है। लेकिन, इस साल जिले के किसी भी बैंक में पुलिस की तैनाती नहीं की गई है, जिससे किसानों के ठगी व उठाईगिरी होने का अंदेशा बढ़ गया है।

### मोबाइल बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध

जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी जीएन साहू ने बताया कि फिलहाल जिला मुख्यालय में मोबाइल बैंकिंग सुविधा वाहन उपलब्ध है, जिसके जरिए किसी भी बैंक एटीएम से भुगतान प्राप्त किया जा सकता है। वहीं, बैंक द्वारा रूपए कार्ड भी जारी किए गए हैं। इसका लाभ उठाने से बैंक तक आने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### ठगी के शिकार हुए किसान

शुक्रवार को बोनस की राशि निकालने आए ग्राम तमोरा के बुजुर्ग किसान ठगी के शिकार हो गए। जानकारी के मुताबिक वीरसिंग निषाद जिला सहकारी बैंक महासमुंद बोनस की राशि निकालने पहुंचे थे। साथ में उनकी पत्नी भी मौजूद रहीं। इस दौरान मदद करने का बहाना बनाकर उक्त युवक उसके पास बुक और निकासी पर्ची को जमा किया और जब भुगतान के लिए नाम पुकारा गया तो वह खुद चला गया और बगल में बैठे बुजुर्ग किसान की तबियत खराब है, बोलकर कैशियर से 49 हजार रुपए का भुगतान लेकर भाग गया। हालांकि, बैंक अपनी गलती स्वीकार ली है और आश्वासन दिया है कि अगले कार्य दिवस पर किसान को उक्त राशि दे दी जाएगी।

### आज विधायक की आभार रैली झलप पटेवा क्षेत्र में



**महासमुंद।** नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिंहा की स्वागत और आभार रैली आज विधानसभा क्षेत्र के पटेवा एवं झलप क्षेत्र पहुंचेगी। इस दौरान श्री सिंहा लोगों से मुलाकात करेंगे और क्षेत्रीय विकास के लिए लगातार आम जनों द्वारा सुझाए जा रहे सुझावों से अवगत होंगे। बता दें कि विधानसभा निर्वाचन में हाल ही में विधायक योगेश्वर राजू सिंहा ने जीत पश्चात अपनी जीत को जनता को समर्पित करते हुए लगातार क्षेत्र में संपर्क बनाए हुए हैं। महासमुंद शहर तथा तुमगांव क्षेत्र में स्वागत आभार रैली झलप/पटेवा पश्चात अन्य क्षेत्रों में पहुंचेगी।

### चंद्र कुमार होंगे कार्यवाहक अध्यक्ष



**महासमुंद।** पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं वार्ड नंबर 10 के पार्षद चंद्र कुमार पटेल को छग शासन द्वारा नगरपालिका सरायपाली का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बता दें कि बीते दिनों अविश्वास प्रस्ताव में अमृत पटेल को हार का सामना करना पड़ा था। जिसके बाद नपा सरायपाली का अध्यक्ष पद रिक्त हो गया। शुक्रवार को जारी आदेश में चंद्रकुमार पटेल का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

हरिभूमि **पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

**खबर संक्षेप**



## बाल वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शनी में छात्र चयनित

**महासमुंद।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के संभाग स्तरीय बाल वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शनी में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग के छात्रों ने अपना मॉडल प्रस्तुत किया एवं राज्य स्तर पर चयनित हुए हैं। चयन होने पर प्रतिभागियों को कलेक्टर प्रभात मालिक ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रभारी प्राचार्य महेंद्र टंडन ने बताया कि विद्यालय के 9 छात्र-छात्राएं खुशांक दीवान, उमेश बरिहा, अंकिता माछ्छू, ईशिका ठाकुर, रचना दीवान, नम्रता ध्रुव, ब्रह्मदेव बरिहा, मोनिका राठिया, रागिनी ध्रुव, विद्यालय के शिक्षक नंदिनी साहू, इंदुरानी साहू एवं देवव्रत देवांगन के साथ आधुनिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम, एकीकृत कृषि प्रणाली, और पोस्टर विधा में 3 मॉडल प्रस्तुत किए गए। जिसमें से ट्रांसपोर्ट सिस्टम और एकीकृत कृषि प्रणाली को प्रथम स्थान एवं पोस्टर को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। यह संभाग स्तरीय प्रतियोगिता धमतरी स्थित एकलव्य विद्यालय में आयोजित किया गया तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास धमतरी रेशमा खान द्वारा चयनित प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इनके चयन पर सहायक आयुक्त शिल्पा साय ने भी हर्ष जताया है।

### आयोजन: शहादत दिवस, स्वाभिमान समारोह एवं नवनिर्वाचित विधायकों का हुआ सम्मान

# वीर नारायण की फोटो घर-घर लगना चाहिए जिससे आने वाली पीढ़ी प्रेरणा लें : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अरंड (पिथौरा)

शहीद वीरनारायण सिंह छत्तीसगढ़ के भगत सिंह थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए बलिदान दिया। अंग्रेजों के जुल्म सहे, इतनी यातनाएं सही लेकिन, अंग्रेजों के आगे झुके नहीं। ऐसे वीर सपूत की फोटो घर घर लगाना चाहिए। ताकि आने वाली पीढ़ी उनके बलिदान को याद कर उनसे प्रेरणा ले। ऐसे आयोजन और बड़े स्तर पर होना चाहिए। हम सब मिलकर उनके बलिदान को याद कर उनका पुण्य स्मरण करेंगे कि उनकी ख्याति छत्तीसगढ़ में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में हो ऐसे प्रयास हम सब मिलकर करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में आदिवासियों की चिंता की है और राज्य में एक आदिवासी बेटा को मुख्यमंत्री बनाया है। सांसद साहू ने वीरनारायण सिंह के ख्याति को देश स्तर पर पहुंचाने के लिए हरसंभव मदद करने की बात कही। उपरोक्त उद्गार सांसद चुन्नीलाल साहू ने शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस एवं स्वाभिमान समारोह और नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान समारोह के दौरान कही।



सभा को बसना विधायक संपत अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि वीर नारायण सिंह की मूर्ति स्थापना के लिए हरसंभव मदद करूंगा। आदिवासी समाज के साथ हरदम खड़ा रहूंगा। महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि आप सबके परिवार के रूप में रहकर कार्य करूंगा। क्योंकि, आप सभी के आशीर्वाद से आज विधायक बनकर आपके आशीर्वाद लेने पहुंचा हूं। इनके फोटो घर घर पहुंचाने में मैं भी सहभागी रहूंगा। स्थानीय खेल मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में असम, मध्य प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र एवं जिले के सभी आदिवासियों ने एकजुट होकर समाज में अपनी एकता कर प्रदर्शन किया। आमसभा एवं रैली के मध्यम से एक तीर एक कमान आदिवासी एक समान का नारा गूंजता रहा। हजारों की संख्या में पहुंचे आदिवासी महिला पुरुषों ने रैली निकालकर अपनी संस्कृति से लोगों को परिचित करवाया। रैली में शामिल युवाओं में खास उत्सव नजर आया। रैली के बाद शहीद भगत सिंह खेल मैदान में सभा का आयोजन हुआ। पदाधिकारियों ने समाजहित के मुद्दे और समस्याओं पर अपने अपने बातें रखी।

समस्त अतिथियों ने आदिवासी समाज के क्रांतिकारियों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में आगीन सिंह ठाकुर, कार्तिक राम ठाकुर, मदन ध्रुव, गणेश राम दीवान, देवी सिंह ठाकुर, सिरामन ध्रुव, ईश्वर ध्रुव, पूरन सिंह बरिहा, गणेशाराम ठाकुर, भागीरथी ध्रुव, सीताराम ठाकुर ,घासीराम ध्रुव, अलखे भोई, गाड़ाराय भोई, अनूप ध्रुव, ताराचंद बरिहा, कपिल ध्रुव, नानक ठाकुर, तुलसी दीवान, दीनदयाल दीवान, नरेश ध्रुव, कार्तिक राम बरिहा, श्याम कुमार नेताम, तुलाराम ध्रुव, शिवकुमार बरिहा, जनक बरिहा, समारू बरिहा, सनतराम, संतोष बरिहा, सुरेश बरिहा, विजय बरिहा, भारतसिंह ध्रुव, रूपसिंह मरई, रविलाल, लखन ध्रुव, पलटू राम ध्रुव, देवनारायण ध्रुव, नेतु राम ध्रुव, बुधराम ठाकुर, श्यामसुंदर बरिहा, रामचन्द्र बरिहा, दशरथ बरिहा, परसुराम बरिहा, सेतकुमार बरिहा, संतु बरिहा, रुपसिंग बरिहा, ताराकांती बरिहा, राजेश्वरी बरिहा, चंद्रकांति बरिहा, कुमुदिनी बरिहा, सुकांति बरिहा, अर्जुन बरिहा, बालकराम बरिहा, महादेव बरिहा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में हसदेव बचाओ को लेकर बच्चे एवं युवाओं द्वारा सेफ हसदेव का नारा लगाया गया।

### कार्यक्रम में ये रहे शामिल

शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस एवं स्वाभिमान समारोह और नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद चुन्नीलाल साहू थे। अध्यक्षता हेमसागर बरिहा ने किया। विशेष अतिथि के रूप में विधायक बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल, सरायपाली विधायक चातुरी नंद, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर मरकाम, बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव, अध्यक्ष जनपद सत्यभामा नाग, अध्यक्ष नगर पंचायत आत्माराम यादव, सर्व आदिवासी समाज प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष एसपी ध्रुव, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ठाकुर अनंत सिंह वर्मा, मनराखन ठाकुर जिलाध्यक्ष गोंड समाज, थानसिंह दीवान जिलाध्यक्ष कंवर पैकरा समाज, सुरेश मलिक जिलाध्यक्ष सांवरा समाज, मोती राम कमार जिला अध्यक्ष कमार समाज, कौशल कुमार नेताम जिला अध्यक्ष बुजिया समाज, टेंगनू राम खड़िया जिलाध्यक्ष खड़िया समाज, कृष्ण कुमार ध्रुव जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी युवा प्रभाग, भूषण सिंह सूर्यवंशी राज अध्यक्ष अमात्य गोंड समाज, तुलाराम सोरी अध्यक्ष राज गोंड, गौतम नेताम संरक्षक राज गोंड, जनक राम ठाकुर अध्यक्ष कौड़िया आदिवासी महासंघ भरत दीवान संरक्षक दीवान समाज, जामसिंह दीवान कार्यकारिणी अध्यक्ष कौ. आ महासंघ, देवसिंह दीवान सचिव दीवान समाज, बरत लाल मांझी अध्यक्ष कोंध समाज थे। कार्यक्रम का संचालन मुंशीलाल ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन हेमसागर बरिहा ने किया।

## घर, गली, मोहल्ला, गांव और नगर को ही बनाना है अयोध्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

विश्व हिंदू परिषद ने सदस्य बजरंगदल ग्राम केना में आयोजित श्रीमद् भगवत कथा में शामिल हुए। विश्व हिंदू परिषद् बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने ग्रामवासियों को कहा कि अयोध्या से आए पवित्र कलश अक्षत चावल, रामलला का चित्रण और पत्रक को निमंत्रण के रूप में प्रत्येक हिंदू के घर तक पहुंचेगा। 22 जनवरी को हमको हमारे घर, गली, मोहल्ला, गांव और नगर को ही अयोध्या बनाकर रामचंद्र का स्वागत सत्कार करना है, दिवाली मनाना है, पटाखे फोड़ने हैं। अधिक से अधिक दीप प्रज्वलित करना है और मिष्ठान वितरण कर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को एक ऐतिहासिक बनाने प्रेरित किया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू जायसवाल, गौ रक्षा प्रमुख विवेक शर्मा, बजरंग दल प्रखंड संयोजक मयंक पाणिग्रही एवं निर्माणाधीन वंदे मातरम् गुरुकुल (केदुवां) के उपाध्यक्ष जन्मजय नायक एवं ग्राम केना के रामरतन के साथ केना के ग्रामीण शामिल रहे।

## रामचंडी महाविद्यालय का एनएसएस शिविर आयोजित

**सरायपाली।** राष्ट्रीय सेवा योजना रामचंडी महाविद्यालय के सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने परियोजना कार्य के तहत गांव का मंदिर परिसर, तालाब का पचरी घाट, प्राथमिक शाला एवं गली मोहल्ले की साफ-सफाई किया गया। साथ ही जागरुकता रैली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। बौद्धिक परिचर्चा में स्वास्थ्य विभाग सरायपाली से राजकुमार पटेल लैब टैक्निशियन द्वारा सिकलिन की जानकारी दी गई। एचआईवी एड्स की जानकारी हेमचंद मांझी ने दी। शिविर में उपस्थित समस्त स्वयंसेवकों का व एचआईवी एड्स टेस्ट भुवनेश्वर पटेल लैब टेक्नीशियन ने किया। शिविर प्रभारी भरत कुमार प्रधान, दलनायक रोहित राणा व उपदल नायक सुमन का अग्रणी योगदान रहा।

# स्वयंसेवकों को कृषि, उद्यानिकी व बागवानी की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको द्वारा ग्राम रूमेकेल में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस बौद्धिक परिचर्चा सत्र के दौरान बौद्धिक प्रवक्ता के रूप में आमंत्रित विजय देवांगन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विकासखंड व जिला महासमुंद द्वारा स्वयंसेवकों को कृषि, उद्यानिकी व बागवानी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने स्वयं सेवकों को कृषि से संबंधित शासकीय योजनाओं, बीजों के प्रकार से स्वयं सेवकों को अवगत कराया। प्रभारी प्राचार्य एचएल दीवान ने कृषि के क्षेत्र में ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के बेहतर अवसर के बारे में बताया।



कार्यक्रम में उपस्थित सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार ध्रुव ने कृषि का रोजगार के अन्य क्षेत्रों से संबंध पर प्रकाश डाला। शिविर में पंचम दिवस ग्रामीणजनों एवं 51 स्वयंसेवकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पटेवा से चिकित्सक विवेक पटेल के निर्देशन में लोकेश्वर गजेंद्र प्रयोगशाला तकनीशियन पटेवा, रोशन साहू स्टाफ नर्स पटेवा, हेम कुमारी ध्रुव, उपस्वास्थ्य केंद्र रायतुम ने परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत सिकल सेल एवं हीमोग्लोबिन का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर जवाहरलाल साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिरको, महाविद्यालय से फलेश दीवान एवं ग्रामीणजन रूमेकल उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी लता भोई ने किया।

# शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

### कृषि में ड्रोन के उपयोग का प्रदर्शन किया गया, गरीबों को आवास और हर घर में जल देने का संकल्प यात्रा है : चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफर महासमुंद जिले में निरंतर जारी है। आज पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरीपाली, मेमरा, डूमरपाली, भिथीडीह में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त विकसित भारत संकल्प यात्रा के संयोजक एवं पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह संकल्प यात्रा वास्तव में गरीबों का आवास और हर घर जल देने का संकल्प यात्रा है। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के कोई भी पात्र हितग्राहियों को लाभ से वंचित न होना पड़े, इसलिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत सभी लोगों को योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसके लिए प्रशासन संकल्प यात्रा के साथ गांव-गांव पहुंचकर योजनाओं की जानकारी दे रही है। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के गारंटी के अनुरूप प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 18 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना देने का कार्य की शुरूआत कर दी है। उन्होंने कहा कि सभी बुनियादी आवश्कताओं की पूर्ति के लिए मोदी सरकार द्वारा पानी, शौचालय, सड़क स्वावस्थ्य आदि की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम सबको मोदी का सपना कि हर गरीब की उन्नति और प्रगति हो, प्रत्येक गांव का विकास हो के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील किया कि सभी योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया गया । इस दिन राज्य के किसानों को धान का बकाया बोनस राशि सीधे उनके खाते में जारी किया गया। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी का एक और संकल्प पूरा हुआ।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सभी संकल्प पूरा करेगी। उन्होंने बताया कि सुशासन दिवस पर जिले के 1 लाख 72 हजार 366 किसानों को 2 साल का बोनस राशि 352 करोड़ रुपए मिला। ये अभूतपूर्व कदम है। इस दौरान कृषि में ड्रोन के उपयोग का जीवंत प्रदर्शन किया गया। ड्रोन के उपयोग से कृषि दवाइयों का छिड़काव किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में ओडीएफ प्लस, प्रधानमंत्री आवास योजना उज्ज्वला गैस वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को अन्नप्रासन कराया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि नरेश सिंघल,मन्नू ठाकुर, जानकी प्रधान सुरेंद्र साहू सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी, हितग्राहीगण एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# जिले में शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की गारंटी लेकर पहुंच रही है संकल्प यात्रा: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव-गांव पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत गड़बेड़ा में आयोजित विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम में मुख्य अथिति महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा वंचितो और दूरस्थ अंचलों में निवासरत अंतिम छोर के व्यक्तियों को शासन की प्रमुख योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ियों से भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं



और कार्यक्रमों की जानकारी डिजिटल स्क्रीन, फ्लेक्स और पोस्टर के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों को सभी केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों में ऐसे व्यक्ति जो शासन की योजना से अब तक वंचित रह गये थे उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने शिविर में हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरण किया। उन्होंने अपील किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं। उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन के माध्यम से पूरे भारत में शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शुरू की है। इसके माध्यम से शासकीय योजना जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित अनेक जनकल्याणकारी योजना प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे और केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

**बिजनेस साईट**

## सोहम हास्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा

**महासमुंद।** सोहम हॉस्पिटल में 24 दिसम्बर को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निःशुल्क 30 से अधिक मरीजों का डॉक्टर सोमी चंद्राकर द्वारा निशुल्क सोनोग्राफी एवम महिलाओं की जांच की गई। 60 से अधिक मरीजों का डॉक्टर युगल चंद्राकर, उत्कर्ष वर्मा एवम सोहम की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें अन्य रोग जैसे जोड़ो के दर्द, पेट संबंधी समस्याओं, पथरी, पेट में जलन गैस, चमड़ी के रोग साइटिका, सर्वाइकल, दाद खाज खुजली इत्यादि बीमारियों का निःशुल्क परीक्षण एवं उचित मार्गदर्शन मरीजों को दिया गया। जिले के हर तहसील जैसे बागबाहरा, तुमगांव, पिथौरा समेत आसपास के कई गांव के लोग इस शिविर में लाभान्वित हुए। सोहम हॉस्पिटल



के डायरेक्टर डॉक्टर युगल चंद्राकर के मार्गदर्शन में यह निशुल्क स्वास्थ्य एवं परीक्षण शिविर रखा गया।

# कांग्रेस की बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय कांग्रेस भवन में नवनिर्वाचित खल्लारी द्वारिकाधीश यादव एवं सरायपाली विधानसभा से चातुरी नंद का सम्मान एवं महासमुंद व बसना विधानसभा में मिली पराजय पर मंथन हुआ। खामियों के साथ कमजोरी एवं कमियों को दूर कर आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए तैयार रहने की बात कही गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं महासमुंद विधानसभा की कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रश्मि चंद्राकर द्वारा आहूत बैठक में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव व सरायपाली विधायक चातुरी नंद, प्रभारी दिनेश यदु, प्रभारी पंकज मिश्रा, नरेंद्र सेन की उपस्थिति में सर्वप्रथम जिले की चारों विधानसभा की परिस्थितियों पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में डॉ रश्मि ने विगत दिनों लोकसभा एवं राज्यसभा से इंडिया एलायंस के सांसदों को निलंबित किए जाने पर ऐतराज जताते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में नवनिर्वाचित विधायक द्वारकाधीश यादव ने कांग्रेसजनों को भरोसा दिलाया कि उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं हैं। कांग्रेसजनों के साथ महासमुंद लोकसभा के जनता की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ी जाएगी। हम चुनाव हारे हैं, हिम्मत नहीं हारे हैं। छत्तीसगढ़ की सरकार को जनता से किए वायदे पूरे करने होंगे उन्हें किसानों के साथ



साथ छत्तीसगढ़ की महतारी वंदना के किए वायदे निभाने होंगे नहीं तो लोकसभा में हम इसका हिसाब मांगेंगे। सराईपाली विधायक चातुरीनंद ने उन पर कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए विश्वास के लिए आभार जताया। कांग्रेसजनों से अनुरोध किया कि हमें चुप नहीं बैठना है। कांग्रेस संघर्ष का प्रतीक है। बैठक में कांग्रेस पार्टी की मजबूती के साथ हार के कारणो की जांच की बात जिला प्रभारी दिनेश यदु एवं विधानसभा प्रभारी पंकज मिश्रा ने कही।

कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण अध्यक्ष ढेलू निषाद, भूपेंद्र ठाकुर, रवि शंकर कश्यप, संतोष पटेल, राम नारायण आदित्य, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, वनोपज अध्यक्ष प्रमोद चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, सत्यभामा नाग, सुनील शर्मा, सोमेश दवे, हरबंस सिंह ढिल्लो, प्रदीप चंद्राकर, अमन चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, दुर्गा सागर, ब्रिजेन बंजारे, राजू साहू, पूर्णिमा चौहान, बादल मक्कड़, शाहबाज रजवानी, गुरमीत चावला, अनवर हुसैन, गौरव चंद्राकर, डॉ तरुण साहू, इमरान कुरैशी, अनवर हुसैन, मनोहर ठाकुर, लीलू साहू, गौरव जानी, बसंत चंद्राकर, जावेद जाफरी, निर्मल जैन, गणेश शर्मा, हर्षित चंद्राकर, रवि सिंह ठाकुर, सचिन गायकवाड़, सुरेंद्र ठाकुर, जावेद जाफरी, टोमन सिंग कागजी, तूफान दीवान, चैन सिंह ध्रुव, नीतेंद्र बनर्जी, किशन देवांगन, राजेश डडसेना, मोहन कुलदीप, लेख राम दीवान, हितेश साहू, रवि साहू, मुन्ना ठाकुर,गोपी पाटकर, सन्नी महानंद, गोपाल पांडे, सोहन साहू, शाहजान खान पाशा, हसधन साहू, द्रोण चंद्राकर, नूकेश महंत, एचडी मानिकपुरी, संजय शर्मा, मेहुल सूचक, नंदकुमार निषाद, कौशिक राठौर, आकाश निषाद, तुलसी देवदास आदि मौजूद रहे।

आभार प्रदर्शन शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल ने किया

## मोरधा में मनाया पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन



**महासमुंद।** ग्राम पंचायत मोरधा अटल चौक में अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस मनाया गया। इस मौक पर अटल बिहारी के छायाचित्र का पूजा अर्चना कर उनके कार्यों को याद किया। इस अवसर पर सरपंच दामजी साहू, पंचायत पंचगण एवं समरत नागरिक गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### सचिव संघ ने किया विधायक का स्वागत

**महासमुंद।** जनपद पंचायत परिसर में सचिव संघ द्वारा आभार रैली में प्रथम नगर आगमन पर महासमुन्द विद्यायक योगेश्वर राजु सिन्हा का बाजे गाजे के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकेश चंद्राकर, वरिष्ठगण सचिव संघ बेनीराम चंद्राकर, राजकुमार ध्रुव, चंद्रमणि चंद्राकर, शिव कोसरे, शिव पटेल, हरिदास मानिकपुरी आदि उपस्थित रहे।



### विधायक का किया स्वागत

**महासमंद।** सचिव संघ महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष नेहा उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष द्वारिका निषाद, ब्लॉक उपाध्यक्ष बंशीलाल पटेल, सचिव राकेश जांगड़े, सह सचिव आत्माराम साहू, माधुरी सूर्यवंशी, माधुरी राजपूत, शबीना खान, जीवन कोसरे, शंकर लाल साहू, गैतराम ध्रुव, देवा पटेल, डूगेश्वर साहू, हरिदास मानिकपुरी आदि ने नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का स्वागत किया।



### जनपद जनप्रतिनिधियों ने किया विधायक का स्वागत

**महासमुंद।** जनपद पंचायत कृषि विभाग के सभापति दिग्विजय साहू के नेतृत्व में नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रथम नगर आगमन पर तराजू बाट में मोतीचूर के लड्डूओं, पुष्पमाला व आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, उपाध्यक्ष त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, सभापति रमाकांत धुरुव, वन सभापति हेमंत डड़सेना, सभापति प्रतिनिधि राजेश साहू, कुंती कमलेश ध्रुव, कुणाल चंद्राकर, तुला राम साहू, तुला राम साहू, सत्यभान जेन्द्रे, देवा जलछत्री, गजेंद्र साहू, विश्वनाथ सेन, टीकम ध्रुव, संतोषी साहू, अरविंद साहू, ओमप्रकाश, राजेश शर्मा, सचिव राजकुमार ध्रुव, चन्द्रमणि चंद्राकर, बेनी राम चंद्राकर, शिव पटेल, शिव कोशरे सहित जनपद पंचायत के सभी अधिकारि कर्मचारि उपस्थित रहे।

## निधन

### द्रौपदी प्रधान

**सरायपाली।** ग्राम लमकेनी निवासी द्रौपदी प्रधान (80) का निधन हो गया है। वे छत्तीसगढ़ पेंशनर संघ की सदस्या भी रहीं तथा फुलझर अंचल के सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ मृदंग पखावज वादक के नाम से विख्यात स्वर्गीय प्रफुल्ल प्रधान गुरूजी की धर्मपत्नी एवं विजय प्रधान प्रधान पाठक उच्च प्राथमिक शाला जम्हारी, संजय प्रधान, अक्षय प्रधान शिक्षक, अजय प्रधान व्याख्याता एवं विनय प्रधान की माता थीं। अंतिम संस्कार में आसपास से बड़ी संख्या लोग में सम्मिलित हुए।

# कौंदकेरा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## यात्रा के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने संकल्प यात्रा : डॉ. चोपड़ा
- 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत के सपने को साकार करने दिलाई शपथ



विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंची। यात्रा के माध्यम से लोगों को विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य जन सामान्य में योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं जागरुकता पैदा करना है। वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी कड़ी में महासमुंद विकासखंड के ग्राम पंचायत कौंदकेरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त भारत संकल्प यात्रा के संयोजक एवं पूर्व विधायक विमल चोपड़ा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार और प्रदेश सरकार की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के साथ ही समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति का विकास करना है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 के भारत के विकास के विजन को लेकर है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार बहुत सी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, आप सभी ग्राम पंचायत में आकर संपर्क करें और योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें।

शिविर में आईईसी वैन द्वारा एलईडी के माध्यम से शासन की विभिन्न संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई। इसके अतिरिक्त शिविर में पूर्व में शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी-मेरी जुबानी अंतर्गत योजना का लाभ पाने के बाद जीवन में आए बदलावों और आर्थिक उन्नति के बारे में अवगत कराया गया। शिविरों में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यक परामर्श और उपचार भी किया जा रहा है। साथ ही आयुष्मान भारत सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने के लिए आवेदन भी प्राप्त किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य शिविर में टीबी के 20 लोगों की जांच व सिकल सेल के 82 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। 89 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण तथा 35 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। महिला एवं बाल विकास द्वारा दिलीप निषाद एवं भुनेश्वरी यादव का अन्नप्रासन्न किया गया। साथ ही तीन गर्भवती महिलाएं जानकी निषाद, दुर्गेश्वरी कमार एवं ज्योति यादव की गोद भराई कर पोषण किट प्रदान किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मोदी सरकार की गारंटी-लाभार्थियों तक योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुंच का सेल्फी पॉइंट बनाया गया था। इस सेल्फी पॉइंट पर हितग्राहियों, किसानों और ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सेल्फी ली। कार्यक्रम में आईईसी वैन द्वारा भारत सरकार की योजनाओं की प्रगति की लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया और विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित कैलेंडर, ब्रोशर, पम्पलेट आदि वितरित किये गये। शिविर स्थल पर उपसरपंच, पंच, जनप्रतिनिधिगण, हितग्राहीगण, ग्रामीणजन एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेलसोंडा में राम लला का अक्षत एवं पत्रक का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर के लोकार्पण तथा प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण के लिए अक्षत एवं आमंत्रण पत्रक का बेलसोंडा में स्वागत किया गया। अक्षत कलश पहुंचने पर ग्रामवासियों द्वारा पूजा अर्चना की गई। ढोल मंजिरा से स्वागत करते हुए राम भजन के साथ ग्राम की सतबहिनीया माता मंदिर में रखा गया। कार्यकर्ताओं द्वारा बेलसोंडा के प्रत्येक घर में आमत्रंण पत्रक एवं अक्षत देकर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने एवं घर के बाहर दीप जलाने की अपील की जाएगी। इस अवसर पर छाया चंद्राकर, डा वाणी तिवारी, हुलसी चंद्राकर, मधु साहू, कीर्ति साहू, अनिल चंद्राकर, गजानंद चंद्राकर, सकुन चंद्राकर ,चमेली चंद्राकार, गोमती चंद्राकर, उषा चंद्राकार, लोकेशवरी, गंगा, कुंती, मिनाक्षी यादव, रुकमनी, हठियारिन, दसमत, कृष्णा, नेहा, तारा, केशर, सोहगी, दुलारी, उषा, राजेंद्र साहू, विक्रम जलक्षत्री आदि उपस्थित रहे।

# बॉटनीकल सोसाइटी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डा. अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशानुसार वनस्पति शास्त्र परिषद का गठन किया गया। परिषद द्वारा विषयवार पीपीटी प्रेजेंटेशन कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रभारी प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष वनस्पतिशास्त्र डा. ईपी चेलक द्वारा विभागीय प्रतिवेदन का पाठन किया गया। अंजन भोई अतिथि व्याख्याता द्वारा वनस्पति शास्त्र परिषद के चयनित पदाधिकारियों की नाम की घोषणा की, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए अर्शिन सोलोमन एमएससी तृतीय, उपाध्यक्ष खिलेश्वरी यादव एमएससी प्रथम, सचिव युवराज सिंह ठाकुर एमएससी तृतीय, सहसचिव भोजनंदनी साहू एमएससी प्रथम सेमेस्टर एवं सदस्य अमन रात्रे, सुमन सिंह, मीरा साहू, रितिका मार्कन्डेय, युवराज प्रधान, पायल महामल, मंगलू मेहर, गरिमा ठाकुर, आसबाई ठाकुर, धनेन्द्र कुमार के नामों की घोषणा की गई। परिषद का उद्देश्यों पर चर्चा की गई। तत्पश्चात विज्ञान संकाय प्रभारी प्रो. करूणा दुबे ने सभी छात्र-छात्राओं को अनुशासन एवं संयमित व्यवहार करते हुए अध्ययन अध्यापन के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय प्रो. अजय कुमार राजा ने अपने उद्बोधन में सभी छात्र-छात्राओं को बताया कि शिक्षक के अनुभव का लाभ लेते हुए सतत रूप से कठिन कार्यो पर चर्चा कर अपने शैक्षिक एवं जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा. ईपी चेलक ने अपने रोचक उद्बोधन में विभिन्न विपरित प्रस्थितियों में कैसे जीवन जीये एवं सफल होए इस पर सविस्तार चर्चा की। तत्पश्चात सभी सदस्यों द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन एवं व्याख्यान कार्यक्रम हुआ। जिसमें विषयवार आबंटित पाठ्क्रम के अनुसार अलग-अलग टापिक में पीपीटी प्रेजेंटेशन किया गया तथा स्नातकोत्तर स्तर पर विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में किस प्रकार से उत्तर लिखे, इस पर विभाग द्वारा विशेष पीपीटी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। अवसर पर इस कार्यक्रम में आयोजन के लिए प्रदेप कन्हेर, सहायक प्राध्यापक रसायन, अंजन भोई अतिथि व्याख्याता, नम्रता तम्बोली अतिथि व्याख्याता रसायन, रितेश्वरी सेन जनभागीदारी व्याख्याता, योगेश चंदेल जनभागीदारी परिचारक एवं समस्त महाविद्यालय परिवार सम्मिलित हुए।

# विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर की रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पशु चिकित्सा के डिप्लोमाधारी छात्रों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर सरकार के घोषणा पत्र के अनुसार शासकीय पदों पर दो साल में एक लाख भर्ती करने के किये वादे को लेकर अपने विभाग में रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग की है। पशु चिकित्सा के डिप्लोमाधारी छात्र हेमंत बघेल, दीपक चंद्राकर, हिरेन्द्र कुमार, गोपाल साहू, सौरभ डडसेना, हर्ष, निलेश्वर, जयंत प्रधान और अन्य छात्रों ने कहा कि पढ़ाई को पूरा करने के बाद पिछले 6 से 7 सालो से बेरोजगार हैं। लेकिन, उनके विभाग में अभी तक कोई नियुक्ति नहीं हुई है। विभाग में 800 से 900 पद खाली होने पर भी भर्ती को लेकर कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। पिछली सरकार ने 834 पदो पर भर्ती की ज्ञापन निकाल कर निरस्त कर दिया था। उन पदों पर भर्ती करने की मांग की, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने भर्ती नियमों में संशोधन कर रिक्त पदों की भर्ती किए जाने का आश्वासन दिया।

# गली में कीचड़ से परेशानी, आक्रोश

**महासमुंद।** वार्ड नंबर 14 स्थित चांडक पेट्रोल पंप की छोटी गली में कीचड़ हो जाने से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गली से सैकड़ों लोग प्रतिदिन गुजरते है और कीचड़ के कारण कोसते हुए व्यवस्था पर सवाल उठाते है। नाराज लोग इसे पालिका प्रशासन की लचर व्यवस्था का नाम देते है। एक निजी मकान से निकलने वाले गंदे पानी से गली कीचड़ युक्त हो गया है। यदि इसे पाइप डालकर नाली से जोड़ दिया जाए तो गंदगी नही होगी।

इस गली से इमलीभाठा और नयापारा मुहल्ले के अधिकांश लोगों का आवागमन बाजार और बस स्टेंड के लिए होता है। इसे देखते हुए पालिका को तत्काल इस कार्रवाई करना चाहिए। इस गली पर रहने वाले राम कृष्ण मिश्रा ने बताया कि समस्या के निराकरण को लेकर वे पालिका भी गए थे, जहां बताया गया कि इस्टीमेंट गया हुआ है। इसके बाद क्रांकीटीकरण हो जाएगा। लेकिन, क्रांकीटीकरण से पानी बहने की समस्या का निदान नही हो सकता, इसलिए जरूरी है कि नाली से नाली को जोड़ा जाए।



### बाजपेयी की जयंती मनाई गई

**पिथौरा।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत पिथौरा में आयोजित समारोह में स्व. बाजपेयी का पुण्य स्मरण किया गया। सीईओ सीपी मनहर ने स्व. बाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्व. बाजपेयी ने भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र बनाया। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत गांव- गांव में सड़कों का जाल बिछाया। वे भारतीय रजनीति के पुरोधा और अजातशत्रु थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण भी किया। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष उमेश दीक्षित, राजकुमार दीवान, हेमंत डडसेना, जसवंत सिंह पैकरा, राजकुमार पटेल, गौरीशंकर पैकरा, अजय पटेल, यशवंत ध्रुव, नागेंद्र पटेल, योगेश निर्मलकर, गोपीचंद निषाद, संजय निषाद, महेश ध्रुव, सूरज यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



### कोमाखान में मनाया कांग्रेस का स्थापना दिवस

**नर्रा।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक कांग्रेस कमेटी कोमाखान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 138 वर्ष पूरा होने पर स्थापना दिवस मनाया गया। वही कांग्रेस पार्टी का ध्वजारोहण कर आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। कार्यक्रम में संतोष पटेल, भूपेंद्र ठाकुर, रवि निषाद, गणेश शर्मा, संतोष जैन, तूफान दीवान, छोटू बघेल, दुर्गा सागर, खोमेश साहू, नरेंद्र जैन, ओंकार ठाकुर, अंजोर ठाकुर, पोखन महानंद, गोलू जैन, समीर खान, शशांक वास, सुनील तांडे, दादू यादव, वाजिद खान, सेतराम बघेल, भक्त राम मांझी, राजेश सोनी, विष्णु महानंद, नवनीत नाग, उत्तम राणा आदि मौजूद रहे।



### किसानों को बांटे गए बोनस प्रमाण पत्र

**पटेवा।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न, छत्तीसगढ़ निर्माता स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस पर ग्रामीण सेवा सहकारी समिति पटेवा में किसानों को बोनस प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मुख्य अतिथि सुनील पटेल मंडल अध्यक्ष, धरम पटेल, विकास अग्रवाल, मनोहर साहू, प्रेमलाल यादव, रवि शंकर पैकरा, धीरेंद्र गोस्वामी, सोमनाथ सुनील शुक्ला, नारायण साहू, राजेंद्र गंगवंशी आदि क्षेत्र के किसानों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। भाजपा नेता सुनील पटेल ने धान खरीदी केंद्र के प्रभारी को शख्त निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार कोई परेशानी न हो। न ही बिना वजह परेशान करें। नहीं तो उचित कार्यवाही की जाएगी।



### लोहारपाली में लगा रासेयो का सात दिवसीय शिविर

**सरायपाली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े साजापाली के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर प्राथ शाला लोहारपाली में लगाया गया। शिविर के पांचवें दिन बौद्धिक चर्चा एवं कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। बौद्धिक चर्चा में केशव सेठ कबड्डी के राष्ट्रीय एम्पायर ने जीवन में खेल का महत्व के विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। कवि सम्मेलन में डा सुकमती चौहान, परशुराम चौहान, धनीराम नंद मस्ताना, गनपत देवदास, चंदर सिंह सिदार, मानकदास मानिकपुरी, सादराम अजय द्वारा एक से बढ़कर एक गज़ल, देशप्रेम गीत एवं छत्तीसगढ़ी ग़ज़ल ,कविता से शिविरार्थियों का मनोरंजन किया गया। शिविर प्रभारी संतोष टंडन बहुत ही अनुशासित और उत्साहित होकर सभी अतिथियों को स्वागत संस्कार कर सभी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### बम्हनी में गुरु घासीदास जयंती कल

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में 31 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, विशेष अतिथि सचिन गायकवाड़, निखिल मनोजकांत साहू, राहुल चंद्राकर होंगे। इस मौके पर प्रातः पूजा अर्चना के साथ पंथी नृत्य होगी। वहीं रात्रि में मया के संदेश कोल्दा का कार्यक्रम होगा।






# कवियों ने बिखेरी कविताओं की छटा

## डॉ. साधना कसार के निवास में काव्य गोठी से नववर्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

साहित्यकार डॉ. साधना कसार के निवास स्थान पर वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवियत्री आशा मानव की अध्यक्षता में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एस चन्द्रसेन ने नववर्ष के आगमन के पूर्व अपनी कविता में कहा कि स्वागत है, नववर्ष तुम्हारा आना नव निर्माण लेकर। साहित्यकार अशोक शर्मा ने काव्य की छटा बिखेरते हुए कहा कि बीत गई घटनाएं होकर फिर भी उनका द्वन्द शेष है। कुछ कांटों की चुभन शेष है कुछ फूलों की गंध शेष है। अध्यक्षीय आसंदी से आशा मानव ने पंक्तियां समर्पित की - नवल नवल दिनमान है सबका है सम्मान, आशा अगुवानी करती साधना का गुणगान। कवि प्रलय थिटे अपने अनूठे अंदाज में काव्य पाठ करते हुए कहा कि कुछ आवाजें कर देती है स्तब्ध शांत इतना कि हो जाता है निःशब्द सब कुछ। साहित्यकार उमेश भारती गोस्वामी ने गोष्ठी को आगे बढ़ाते हुए रचना पाठ की, मन तरंगित मूक वाणी, मौत सी स्तब्धता है चीखती खामोश रातें यार मेरा तू कहां है। इस अवसर पर साहित्यकार बंधु राजेश्वर खरे ने कहा कि बापू तेरे देश में डाकू



निकले हैं दौरे पर नेता के वेश में, शर्म और इमान त्यागने को कहते हैं संदेश में। अशोक चौरड़िया ने कहा कि कदम बोसी ही जब जिन्दगी रह गई जिन्दगी फिर कहां जिन्दगी रह गयी। कवि भागवत जगत भूमिल फूल बनूं तो हे, ईश्वर मुझको कचनार बना देना कहते हुए काव्य गोष्ठी को नई ऊंचाईयां दी। काव्य श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए पुष्पलता भार्गव सुनंदा ने जब जब बादर करियाही छत्तीसगढ़ी गीत सुनाकर खूब तालियां बटोरी। नवोदित हस्ताक्षर श्लेष चंद्राकर अपनी गजल से काव्य श्रृंखला को आगे बढ़ाया - तीलियों से इन चिरागों को जला सकता हूं मैं। पुष्पा गजपाल पीहू, द्रोपती साहू, सरसिज ज्योत्सना कन्नौजे ने अपनी कविताओं से सबका मन मोह लिया। वही साहित्यकार डी. बसन्त साव साहिल व जयराम पटेल ने लघुकथा की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। कवयित्री डॉ. साधना कसार ने कहा कि अवतार की बात करोगे तो इंसान कैसे बन पाओगे, जगमकाते पत्थर की बात करोगे, नींव के पत्थर कैसे बन पाओगे। काव्य गोष्ठी का संचालन साहित्यकार टेकराम सेन चमक ने किया एवं अपनी कविताओं से चमक बिखेरी। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ अधिवक्ता भरत सिंह कसार ने किया। उक्त जानकारी प्रबुद्ध सिंह कसार ने दी है।




## खबर संक्षेप



### झलप में लगा शिविर, 71 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

**महासमुंद।** ग्राम झलप में सिक्ख समाज गुरु सिंघ सभा की ओर से गुरुवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संयोजक जगजीवन सिंह राजा ने बताया कि यह शिविर गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान को समर्पित है। शिविर मेकाहारा रायपुर के माडल ब्लड बैंक की सहायता से आयोजित किया गया, इसमें 71 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। इस दौरान सिक्ख समाज के साथ अन्य समाज के लोगों ने भी रक्तदान किया। इस दौरान सीटू सलूजा, डिंपल सलूजा, मोहम्मद शोएब, कुलजीत सलूजा, नवदीप सलूजा, नरेंद्र कौशिक, अमित खनूजा आदि का सहयोग रहा।

### विकसित भारत मंडल संयोजकों की बैठक 2 को

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक डा. विमल चोपड़ा ने बताया कि विकसित भारत मंडल संयोजकों की बैठक 30 दिसंबर को पिथौरा रेस्ट हाउस में आहूत की गई थी, जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब समस्त मंडल संयोजकों की बैठक आगामी 2 जनवरी 2024 को दोपहर 3 बजे पिथौरा स्थित रेस्ट हाउस में होगी। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी, जिला संयोजक डा. विमल चोपड़ा तथा जिले के वरिष्ठ भाजपाजन संकल्प यात्रा को लेकर मंडल संयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।



### मितानिनों को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** ग्राम बिरकोनी के चंडी मंदिर में मितानिनों का प्रशिक्षण हुआ। इसमें महासमुंद ब्लाक के लगभग 100 मितानिन शामिल है। प्रशिक्षण में गर्भवती महिलाओं की जांच, गंभीर कुपोषित बच्चों की जांच, निमोनिया, बीपी, सुगर, मोतियाबिंद ऑपरेशन, महिला एवं पुरुष नसबंदी लिए हितग्राहियों को प्रेरित करना एवं स्वास्थ्य सुविधाएं के बारे में जानकारी दी गई। इसमें बीसी शांति देवांगन, एमटी मनटोरा, हिरौदी, रुक्मणी, सुलोचना, कुमारी, सुनीता, रेखा साहू, रत्ना, रुक्मणी ध्रुव, उषा आदि मौजूद रहे।



### विधायक का मुस्लिम जमात ने किया स्वागत

**महासमुंद।** मुस्लिम जमात ने गुरुवार को नवनिर्वाचित विधायक योगेशवर राजू सिन्हा का शानदार स्वागत किया। मुस्लिम जमात के सहसचिव जमशेद रज़ा ने बताया कि विधानसभा चुनाव में जीत प्राप्त करने के पश्चात नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने आभार रैली का आयोजन किया। जिसमें मुस्लिम जमात ने स्वामी चौक में मंच बनाकर विधायक राजू सिन्हा का स्वागत किया। जिसमें सर्वप्रथम जामा मस्जिद के सदर हाजी इशाक चौहान ने विधायक को पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया एवं मिठाई खिलाई। बाद समाजजनों ने बारी बारी कर माला पहनाकर कर विधायक का स्वागत किया। इस स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गौसिया मस्जिद के सदर शकील रज़ा मस्जिद के सदर जाहिद हुसैन, समाज के वरिष्ठ हाजी याकूब मास्टर, जावेद मेमन एवं ज़ाकिर रज़ा, यूनुस राजवानी, जमील चौहान, आदिल चौहान, सुहैल कुरैशी, अमीन रज़ा, शाहिद चौहान, जुनैद कुरैशी, राशिद चौहान, सरफराज राजवानी, इमरान खान, फ़य्याज़ खान, तौफीक खान, हसनैन खान, वसीम मेमन, जहीर खान, शानवाज चौहान आदि

## आयोजन: विजयी टीमों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित

# तेंदूकोना क्रिकेट प्रतियोगिता में पचपेड़ी टीम ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

- पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान 32 टीमों के बीच हुआ मुकाबला

टीएनके स्टार इलेवन के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को हुआ। इस प्रतियोगिता में दूर दराज के कुल 32 टीम भाग लिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य खिलेश्वरी धनंजय साहू थे। अध्यक्षता ग्राम सरपंच देववंतिन दिलीप दीवान ने की व विशेष अतिथि के रूप में मानसिंह दीवान, किशन अग्रवाल, बलराम दीक्षित, मनीष अग्रवाल, कमलेश नामदेव, राकेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। सैकड़ों दर्शकों के बीच इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला टीएनके स्टार इलेवन तेंदूकोना व पचपेड़ी के मध्य खेला गया। जिसमे तेंदूकोना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 76 रन बना पाई। जवाब में पचपेड़ी ने पांच ओवर में एक विकेट की नुकसान पर जीत हासिल की। मुख्य अतिथि खिलेश्वरी धनंजय साहू ने आयोजक टीएनके स्टार इलेवन तेंदूकोना के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल भावना से खेलने से ही जीत हमेशा मिलती है व क्रिकेट एकता, एकाग्रता व अनुशासन पर टिका हुआ है। खिलाड़ी ये तीन बाते ध्यान में रखकर खेले तो जीत हमेशा होगी। सरपंच देववंतिन दिलीप दीवान ने उपस्थित खिलाड़ियों को नशे के दुष्परिणाम से बचने की बात कही। इस दौरान राज रात्रे, डीगेश्वर दीवान, देवेंद्र दीवान, सिलेश साहू, अशोक साहू, अंकुश शर्मा, डायमंड दीवान, रेखराम साहनी, बव्वा दीवान, देवेंद्र बैरागी, नन्ना बरीहा, रूपधर पटेल, बजरंग निर्मलकर, रोहित दीवान, डीगेश निर्मलकर, गोपाल दीवान, भूषण दीवान, खेमसिंग दीवान, द्वारिका, डूमार साहू आदि उपस्थित रहे।



### ये टीमें रही विजयी

प्रथम स्थान पचपेड़ी 15111 रुपए, द्वितीय तेंदूकोना 10111 रुपए, तृतीय सिर्री 5111 रुपए व चतुर्थ स्थान कोलदा ने 3111 रुपए प्राप्त की। इसी तरह फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच छोटू पचपेड़ी, मैन ऑफ द सीरीज कोमल पचपेड़ी, बेस्ट बॉलर डीगेश्वर दीवान तेंदूकोना, बेस्ट कीपर ललित साहू तेंदूकोना व बेस्ट फिल्डर का पुरुस्कार जितेंद्र सिर्री को मिला।

# प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी से सपना होगा साकार : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- किशनपुर में हमारा संकल्प विकसित भारत मोदी सरकार की गारंटी के तहद आयोजित संकल्प शिविर का हुआ

केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफर महासमुंद जिले में निरंतर जारी है। जिले के पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत किशनपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार रथ के ग्राम में आगमन होने पर महिलाओं तथा ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया। पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत किशनपुर में महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी से सबका सपना साकार हो रहा है। आज विकसित भारत यात्रा के माध्यम से जो भी हितग्राही योजना से वंचित हुए हैं उन्हें लाभ देने का एक सुनहरा अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के गठन होते ही 18 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास मिलेगा। इसी तरह उज्जवला गैस कनेक्शन भी अब आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हम सब विकसित भारत का संकल्प लें और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ ले। उन्होंने शिविर में हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरण किया। उन्होंने अपील किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं। कार्यक्रम में ओडीएफ प्लस, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को अन्नप्रासन कराया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, हितग्राहीगण एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



# सरपंच भामिनी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने किया विधायक सिन्हा का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम ग्राम बेलसोंडा सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर के नेतृत्व में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को बेलसोंडा गांव से बढ़त मिली। गुरुवार को स्वागत और आभार रैली के दौरान बेलसोंडा पहुंचने पर विधायक योगेश्वर राजू सिंहा का सरपंच भामिनी के नेतृत्व में सैंकडों ग्रामीणों की उपस्थिति में आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान विधायक को ऋतुफल (केला) से तौला गया साथ ही जनकल्याणकारी विकास कार्यों की आवश्यकता से अवगत कराया। स्वागत कार्यक्रम में सरपंच भामिनी के साथ भाजपा महामंत्री लक्ष्मीकांत तिवारी, पंच त्रिवेणी चंद्राकर, सावित्री चंद्राकर, मीनू चंद्राकर, विद्या जमूलकर, ईशा धीवर, सरस्वती साहू, हेमा साहू, प्रकाश साह तथा समर्थकों में उदे राम साहू, शत्रुघ्न साह, रामसहाय साहू, तुलसीराम सेन, गिरधारी धीवर, महेश धीवर, तेजराम धीवर, तेजेश्वर चंद्राकर, लीलाधर धीवर, हीरालाल साहू, प्रीतम साहू, राजेन्द्र साहू, टीकम चंद्राकर, मन्नू चंद्राकर, भीम सेन, रामानंद यादव, लालू साहू, दीना धीवर, शिव यादव, तुकेश साहू, दिनेश साहू एवं भारी संख्या में ग्रामीणगण उपस्थित रहे।

# एनएसएस शिविर में युवकों को नशापान से दूर रहने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सेजेस भूकेल द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित है। शिविर के पांचवें दिन परियोजना कार्य में स्वयंसेवकों ने तालाब की पचरियों की सफाई, गांव के गढ्ढों को मलबों से पाटा तथा नालियों की सफाई की। बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में तरुण कुमार दास (वरिष्ठ व्याख्याता) थे। दास ने आज के युवा पीढ़ी और नशा विषय पर अपना वक्तव्य दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में गफ्फार खान, एसडी बर्गे रहे। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डीके मरावी ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना तथा लक्ष्य गीत से किया गया। स्वयंसेवकों ने शिविर बैच से सभी मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया। तरुण कुमार दास के अपने वक्तव्य में विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेते हुए युवाओं को उनके कथनों पर अमल करने को कहा। युवा पुरुष विवेकानंद के जीवन को आत्मसात करने एवं भारत को विश्व गुरु बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की भूमिका को बताया। वर्तमान परिवेश में समाज में फैल रहे नशासेवन पर प्रकाश डालते हुए दास ने आगे बताया कि आधुनिकीकरण को अपनाने की होड़ में आज युवा अपने जीवन शैली में मादक पदार्थों का सेवन करने लगा है, और धीरे-धीरे वह लत जीवन नष्ट कर देती है। टीवी सोशल मीडिया व अभिनेताओं के प्रभाव में आकर वे नशा सेवन के मार्ग पर चल पड़ते हैं, जहां से केवल नाश का द्वार खुलता है, नशे से रोकथाम के विषय में उन्होंने कहा कि स्वयं के दृढ़ निश्चय से ही केवल नशे की लत से बचा जा सकता है। कुसंगति में ना पढ़ते हुए जीवन को नशे के गर्त में जाने से बचना चाहिए। गफ्फार खान ने भी स्वयंसेवकों को कठिन परिश्रम कर अपने जीवन को नई दिशा देने व सफल बनाने को कहा। कार्यक्रम में उपस्थित एसडी बर्गे ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों के पांच गुण के बारे में बताया कि जीवन में कुछ नियम है जिनका पालन करना आपको शिखर तक पहुंच सकते है। बौद्धिक परिचर्चा के इस सत्र में ग्राम गौरटेक के सुशील भोई, रोहिदास नायक, संपत भोई तथा अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे। विद्यालय के व्याख्याता सीएस पटेल, कार्यक्रम अधिकारी निशा पटेल तथा बीपी साहू भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



# अछोला में मनाई गई जयंती, सत्य और अहिंसा के प्रतीक है बाबा गुरु घासीदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विधानसभा के ग्राम अछोला में बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रतिनिधि के रूप में पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल के साथ भाजपा नेता मुन्ना साहू, नीलम दीवान शामिल हुए। अतिथियों सहित सामाजिक और ग्रामीणजनों ने जैतखाम में पूजा अर्चना कर बाबा जी को नमन किया।

पूजार्चना पश्चात जयंती कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिकजनों ने मंचस्थ अतिथियों का आत्मीय स्वागत अभिनन्दन किया। बाबा गुरु घासीदास के जयंती कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल ने उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण मानव जाति के उत्थान के लिए बाबा जी का जीवन हम सभी के प्रेणादायक है। महान समाज सुधारक और मानवता की सेवा में बाबा जी का जीवन बिता है। मनखे मनखे एक समान का सूत्रवाक्य आज भी हम सभी में समानता के भाव को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। पटेल ने बाबा के त्याग तपस्या और बलिदान का उल्लेख करते हुए कहा कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर मानव जाति के कल्याण के लिए किया गया कार्य साक्षात ईश्वर की सेवा के समान है। सम्पूर्ण मानवजाति को बिना किसी भेदभाव के देश, जाति, धर्म और समाज के विकास और कल्याण के लिए एकजुट होकर कार्य करना है यही बाबा गुरु घासीदास जी का संदेश है। पटेल ने कहा कि 18 दिसम्बर से लेकर बाद में जगह जगह हर्षोल्लास से बाबा का स्मरण करते हुए समाजजनों द्वारा जयंती कार्यक्रम आपसी सदभाव, भाईचारे के साथ मेला मड़ई के आयोजन के साथ मनाया जाता है, ऐसे सामूहिक आयोजन से सामाजिक एकता अखंडता बनी रहती है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं और समाज प्रमुखों ने भी बाबा गुरुघासीदास के जीवन काल से जुड़ी अनेक स्मरणों का उल्लेख करते जनहित और समाजहित में किये उनके कार्यो का वर्णन करते हुए बाबा को नमन किया। गांव में मेला मड़ई आयोजन के साथ आकर्षक पंथी गीत नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति हुई।

इस अवसर पर सतनामी समाज अध्यक्ष गणेश राम सोनबेर, सूरज चतर्वेदी, एएसआई सेतकुमार बाघमारे, मोहन डहरिया, दिलीप धृतलहरे, चमन नारंग, होरीलाल नारंग, शिवकुमार भारद्वाज, इंजीनियर ठाकुर राम धृतलहरे, परमानन्द चतुर्वेदी, चंदन भारती, समाज प्रमुख संतलाल धृतलहरे, संदीप, बसंत, सतनामी समाज उपाध्यक्ष कमलेश बाघमारे सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन और ग्रामीण उपस्थित थे।



### आज 18 ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**महासमुंद।** केंद्र शासन की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रहे पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा नवाचारी योजनाओं द्वारा देश में हुए विकास कार्यों को आमजनों तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा 30 दिसम्बर को जिले की 18 ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जनपद पंचायत महासमंद में 30 दिसम्बर को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत सोरिद और बेमचा में सुबह 10 बजे एवं परसदा ब और मचेवा में दोपहर 2 बजे से शिविर लगाया जाएगा। जनपद बागबाहरा के ग्राम पंचायत गांजर और लमकेनी में 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत भदरसी और अनवरपुर में 2 बजे से, जनपद पिथौरा के ग्राम पंचायत घोघरा और बगारपाली में 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत घोंच और दुरूगपाली में दोपहर 2 बजे से, जनपद बसना के ग्राम पंचायत कायतपाली में 10 बजे से एवं बड़ेडाभा में 2 बजे से तथा जनपद सरायपाली के ग्राम पंचायत जोगनीपाली और केजुवां में 10 बजे शिविर लगाया जाएगा।



### किसानों को पशुपालन की दी गई जानकारी

**बसना।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई फुलझर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगतदेवरी के एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर का कंचनपुर में जारी है। शिविर के चतुर्थ दिवस प्रातः कार्यक्रम अधिकारी बिसिकेशन साव के निर्देशन में पशु टीकाकरण का कार्य किया गया। वेडनरी आफिसर तोषकेतन साव एवं कुलेश्वर पटेल पशु चिकित्सक द्वारा पशु टीकाकरण 130 पशुओं का टीकाकरण, पीपीआर 110 बकरियों का, बंध्याकरण, 6 पशुओं का उपचार किया गया। तोषकेतन साव ने ग्रामीणों को पशु संवर्धन दुग्ध उत्पादन बकरी पालन के संबंध में जानकारी दी।



### खम्हारपाली में नशामुक्ति के लिए निकाली रैली

**सरायपाली।** समीपस्थ ग्राम खम्हारपाली में मां दुर्गा जन कल्याण समिति द्वारा समिति गठन के वर्षगांठ पर समस्त महिलाओं द्वारा विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली जगन्नाथ मंदिर प्रांगण से आरंभ होकर नशामुक्ति नारों के मध्य ग्राम के सभी गली मोहल्लों से गुजरते हुए लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिला समिति की सचिव यामिनी साहू ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में समस्त ग्रामवासियों को नशे पान से दूर रहने के लिए संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में महिला समिति के साथ प्रदीप अग्रवाल, मधुमंगल साहू, कौशल प्रसाद साहू, रजनी साहू, श्याम साहू, अनिल साहू, जलजल भोई, शोभाराम मोंगरे, दुष्यंत साहू, नीरज प्रधान आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता केवल प्रशासन नहीं, हम सब की जिम्मेदारी: राशि

## नागरिकों में जागरुकता लाने पालिका अध्यक्ष व नपाकर्मियों ने चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनसहभागिता से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान (स्वच्छता पखवाड़ा) के तहत गुरुवार को बरोड़ा चौक से गुरुगोविंद सिंह उद्यान तक विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया। इस दौरान अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग सहित नगर पालिका के समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने साफ-सफाई की। नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा कि स्वच्छता का दायित्व केवल नगर पालिका के कर्मियों का नहीं है, एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हम सब की भी जिम्मेदारी है। हम अपने घर के आस पास, गली मोहल्ले एवं शहर को साफ रखें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने बताया कि स्वच्छता अभियान का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ना तथा स्वच्छता के प्रति जागरुकता लाना है। इस अवसर पूर्व पार्षद विजय साव, राजस्व प्रभारी अनीष ठाकुर, उपअभियंता दिलीप कश्यप, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चन्द्राकर, स्थापना प्रभारी करण कुमार यादव, राजस्व विभाग से गुमान सिंह ध्रुव, दुर्गेश कुंजेकार, चन्द्रशेखर पाटकर, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, सीओ ममता बग्गा, राखी ठाकुर, प्रेमशीला बघेल, रमा महानंद, टिकेश्वरी मिरी, हेमलता शर्मा, प्रिया दुबे समेत बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।






